सुविचार

मुश्किलें वो औज़ार है जिनसे ईश्वर हमें बेहतर कामों के लिए तैयार करता है।

# अंतर्कथा

खबरों की विश्वसनीयता हमारी पहचान...






# मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन आज धनबाद को देंगे 383 करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं की सौगात

अंतर्कथा प्रतिनिधि



धनबाद: मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन 26 जून को धनबाद जिला को 383 करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं की सौगात देंगे. बिरसा मुंडा मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित मुख्य समारोह में 333 योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास एवं उद्घाटन करेंगे. साथ ही लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण व कुछ युवाओं के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण करेंगे. सीएम जिला प्रशासन द्वारा आयोजित शिलान्यास व उद्घाटन सह परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे. सीएम बनने के बाद श्री सोरेन पहली बार धनबाद में किसी सरकारी समारोह में शामिल होंगे. इससे पहले दो बार वह धनबाद आये हैं. दोनों ही बार राजनीतिक कार्यक्रमों में शामिल हुए थे. सीएम के कार्यक्रम को लेकर मेगा स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में बड़ा पंडाल बनाया गया है.

सीएम यहां 167 नयी विकास योजनाओं का शिलान्यास करेंगे. इसमें सबसे ज्यादा 88 योजनाएं नगर निगम की है. इसके अलावा जिला परिषद की 15, भवन प्रमंडल की चार, लघु सिंचाई की नौ, ग्रामीण विकास प्रमंडल की छह, ग्रामीण कार्य विभाग की नौ, जमाडा की 24, जिला कल्याण कार्यालय की आठ योजनाएं शामिल हैं. इन योजनाओं की प्राक्कलित राशि 165 करोड़ 50 लाख रुपये की है. सीएम यहां पर 166 योजनाओं का ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे. इसमें नगर निगम की 97, पथ निर्माण विभाग की एक, भवन प्रमंडल की आठ, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की नौ, लघु सिंचाई विभाग की 25, ग्रामीण विकास प्रमंडल की 15, जमाडा की पांच योजनाओं का उद्घाटन करेंगे. इसके अलावा कुछ अन्य विभागों की योजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे.

मुख्यमंत्री यहां पर 23,540 लाभुकों के बीच विभिन्न योजनाओं के तहत परिसंपत्ति का वितरण करेंगे. कुल 69 करोड़ 73 लाख रुपये से अधिक राशि की परिसंपत्तियों का वितरण सामूहिक व व्यक्तिगत रूप से किया जायेगा.

### सीएम चम्पई सोरेन के धनबाद आगमन पर हवाईअड्डा से कार्यक्रम स्थल तक किया गया सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम

धनबादः मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के धनबाद दौरा के दौरान आठ सौ से ज्यादा पुलिस कर्मियों को सुरक्षा ड्यूटी में लगाया गया है. हवाईअड्डा से लेकर मेगा स्पोर्ट्स कांपलेक्स तक सुरक्षा में जवान तैनात रहेंगे. सोमवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक एचपी जनार्दनन की अध्यक्षता में हुई बैठक में संबंधित प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल, सिविल सर्जन, धनबाद अग्निशमन पदाधिकारी, धनबाद, कार्यपालक अभियंता/ संबंधित अभियंता, भवन प्रमंडल/विद्युत प्रमंडल/ पथ निर्माण एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी को बिरसा मुंडा मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में ब्रीफिंग की गयी. उपायुक्त ने कहा कि सभी अपने काम में अलर्ट और फोकस रहें. मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है.

हैलीपैड पर भी सारी व्यवस्था दुरुस्त कर ली गई है. सभी स्थानों पर सुरक्षा बल की तैनाती, प्रवेश द्वार पर विशेष सुरक्षा, वीआइपी, लाभुक समेत आम नागरिकों के बैठने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गये.

वहीं सिविल सर्जन एवं डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति कर अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया गया है. तय रूट मैप के अनुसार वाहनों की पार्किंग तथा कुछ स्थलों पर वाहनों की नो इंट्री रखने का निर्देश दिया है. अग्निशमन विभाग की गाड़ियां चिह्नित स्थानों पर उपलब्ध करने के निर्देश दिये गये हैं.

# बिहार में मंगलवार की रात एक पत्रकार की निर्ममता पूर्वक हत्या, घटना मुज़फ्फरपुर की

**पत्रकारों में आक्रोश, सुशासन बाबू के शासन पर उठ रहे सवाल**

अंतर्कथा प्रतिनिधि




बिहार में सुशासन बाबू के शासन में हत्या तो आम बात है. इसी लिए अपराधियों के हौसले बुलंद है.मुजफ्फरपुर में मंगलवार की देर रात बेखौफ अपराधियों ने एक पत्रकार की चाकुओं से गोद कर उनकी हत्या कर दी। यह घटना उनके घर के पास ही हुई है। घटना मनियारी थाना क्षेत्र के मारीपुर की है। मृतक पत्रकार की पहचान शिवशंकर झा के रूप में की गई है।

### घेरकर किया चाक़ू से हमला

घटना के संबंध में परिजनों का कहना है कि मंगलवार की देर रात शिवशंकर झा अपने घर की ओर लौट रहे थे, तभी अचानक अज्ञात अपराधियों ने उन्हें घेर लिया और उन पर चाकु से हमला कर दिया। इससे पहले कि वह संभलते, तबतक अपराधियों ने उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना को देखकर स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और पत्रकार शिवशंकर झा को घटनास्थल से उठाकर एसकेएमसीएच पहुंचाया, जहां डाक्टरों की टीम ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# 'आप मुझे सिखाएंगे? छह बार का सांसद हूं.' शपथ ग्रहण के दौरान गुस्से से लाल हुए पप्पू यादव

अंतर्कथा प्रतिनिधि



दिल्ली: मंगलवार को संसद में शपथ लेने के लिए पहुंचे पूर्णिया सांसद पप्पू यादव के तेवर बिल्कुल अलग नजर आए. शपथ लेने के दौरान उन्होंने नारे लगाए जिसे सत्ता पक्ष ने रोकने का प्रयास किया. इसके बाद तो पप्पू ने अपना आपा ही खो दिया. इस दौरान प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब से पप्पू यादव ने हाथ मिलाया लेकिन किरेन रिजिजू और प्रोटेम स्पीकर को जमकर खरी खोटी भी सुना डाली.


### 'आप हमको सिखाएंगे'- पप्पू यादवः

नारेबाजी से रोकने पर नाराज पप्पू यादव ने सत्ता पक्ष के सांसदों पर हमला करते हुए कहा कि मैं छह बार का सांसद हूं. आप मुझे सिखाएंगे? इसके बाद पप्पू ने पूरे एनडीए पर हमला करते हुए इशारा करते हुए कहा कि आप कृपा से जीते होंगे. मैं निर्दलीय जीता हूं. मैं चौथी बार निर्दलीय चुनाव जीतकर यहां आया हूं.

"प्रणाम पूर्णिया सलाम पूर्णिया जोहार पूर्णिया शपथ ग्रहण के साथ संसदीय जीवन की एक और पारी शुरू हो गई. उद्देश्य है पूर्णिया मॉडल पूरे बिहार में सेवा,न्याय और विकास की राजनीति का आदर्श बने. शपथ ग्रहण के दौरान #ReNEET का डिमांड किया और बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का मांग किया."- पप्पू यादव, पूर्णिया सांसद मैथिली भाषा में पप्पू ने ली शपथः पप्पू यादव ने मैथिली भाषा में शपथ ग्रहण किया. शपथ लेने के बाद अंत में उन्होंने नीट परीक्षा दोबारा से कराने की मांग की.

# गैंगस्टर एक्ट मामले में सुप्रीम कोर्ट पहुंचे अजय राय, अदालत ने अंतरिम रोक लगाने की मांग पर जारी किया नोटिस

अंतर्कथा प्रतिनिधि



नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय गैंगस्टर एक्ट के तहत चल रहे मुकदमे को रद कराने सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को अजय राय की गैंगस्टर एक्ट व अन्य धाराओं के तहत चल रहे मुकदमे को रद करने की मांग पर उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। राय की ओर से निचली अदालत में चल रही सुनवाई पर अंतरिम रोक लगाने की भी मांग की गई है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को तत्काल अंतरिम रोक का आदेश जारी नहीं किया और इस मांग पर भी प्रदेश सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए नोटिस जारी किया है। मामले में सुप्रीम कोर्ट 15 जुलाई को फिर सुनवाई करेगा। अजय राय ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर इलाहाबाद हाई कोर्ट के गत 25 अप्रैल के आदेश को चुनौती दी है। हाई कोर्ट ने केस रद करने से इनकार करते हुए अजय राय की याचिका खारिज कर दी थी।

# ओम बिरला को चुनौती देंगे के. सुरेश, आज बुधवार को चुनाव, सांसदों के लिए व्हिप जारी

अंतर्कथा प्रतिनिधि



नई दिल्ली। 18वीं लोकसभा स्पीकर का पहला सत्र सोमवार से शुरू हुआ। लोकसभा स्पीकर को लेकर पक्ष-विपक्ष के बीच खींचतान बढ़ गई है। एनडीए उम्मीदवार ओम बिरला के खिलाफ कांग्रेस ने कोडिकुन्निल सुरेश को उतारा है। दोनों ने मंगलवार को नॉमिनेशन फाइल किया। लोकसभा स्पीकर पद के लिए मतदान 26 जून को सुबह 11 बजे होगा।

### कांग्रेस और बीजेपी ने जारी किया व्हिप

कांग्रेस और भाजपा ने लोकसभा के स्पीकर चुनाव के मद्देनजर अपने सांसदों के लिए व्हिप जारी किया है। बीजेपी ने एनडीए के सभी सांसदों को सुबह 10.30 बजे संसद भवन पहुंचने को कहा है। वहीं, कांग्रेस ने सुबह 11 बजे तक अपने सांसदों को मौजूद रहने निर्देश दिया है।

### तृणमूल कांग्रेस ने जताई नाराजगी

कांग्रेस सांसद कोडिकुन्निल सुरेश की दावेदारी पर टीएमसी ने नाराजगी जताई है। पार्टी के सांसद अभिषेक बनर्जी ने कहा कि इस बारे में हमसे संपर्क नहीं किया गया, कोई चर्चा नहीं हुई। दुर्भाग्य से यह एकतरफा फैसला है।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार सुबह कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल और डीएमके के टीआर बालू से मुलाकात की और स्पीकर पद पर आम सहमति बनाने की कोशिश की। हालांकि विपक्षी नेताओं ने उपसभापति पद की पेशकश किए बिना ओम बिरला के नाम का समर्थन करने के इनकार कर दिया।

# गरीब व वंचित परिवारों को रियायती दर पर दी जाएगी गैस सिलेंडर : चम्पाई सोरेन

### खाद्य सुरक्षा योजना का दायरा बढ़ाने की तैयारी

अंतर्कथा प्रतिनिधि

रांची : मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने राज्य सरकार की रसोई गैस सब्सिडी योजना के लाभुकों के चयन का मानक यथाशीघ्र तय करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। मुख्यमंत्री खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की आज उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य




सरकार की यह एक अति महत्वपूर्ण योजना है, जिसका मकसद गरीब और वंचित परिवारों को किफायती दर पर गैस सिलेंडर देना है, ताकि वे इसका नियमित इस्तेमाल कर सकें।

### नया हरा राशन कार्ड जारी करने की प्रक्रिया शुरू करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना का दायरा बढ़ाने की पहल करें। इसके तहत हरा राशन कार्ड जारी करने का जो निर्धारित लक्ष्य है, उसमें बढ़ोतरी की जाय। नए लाभुकों को इस योजना से जोड़ने की दिशा में शीघ्रता से कदम उठाएं।

### मुख्यमंत्री सपोर्ट योजना के स्वरूप में हो बदलाव

मुख्यमंत्री ने कहा कि दो पहिया वाहनों के लिए पेट्रोल क्रय पर अनुदान के लिए मुख्यमंत्री सपोर्ट योजना योजना की शुरुआत हुई थी। लेकिन, इस योजना का बेहतर परिणाम देखने को नहीं मिला है। ऐसे में इस योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभुक लाभ लेने के लिए आगे आएं, इसके गाइडलाइन और स्वरूप में बदलाव लाने की जरूरत है। अधिकारियों को मुख्यमंत्री ने इस योजना के गाइडलाइन को सरल बनाने का निर्देश दिया, ताकि यह योजना सार्थक साबित हो।

### दाल भात केंद्रों को सुदृढ़ करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबों को मात्र पांच रुपये में एक वक़्त का भोजन उपलब्ध कराने के लिए शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में कई दाल भात केंद्र संचालित हैं। उन्होंने इन दाल- भात केंद्रों को सुदृढ़ बनाने की जरूरत पर जोर दिया और कहा कि इसे साफ-स्वच्छ और सुंदर रखने के लिए समुचित कदम उठाए जाएं। राज्य सरकार का प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा गरीब लोग इन केंद्रों में भोजन कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोना -सोबरन धोती -साड़ी वितरण योजना के तहत दिए जाने वाले धोती /लुंगी और साड़ी की क्वालिटी अच्छी होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे लाभुकों को धोती / लुंगी और साड़ी को पैकेट में उपलब्ध कराएं।

## 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक कई मामले रहे गर्म



अंतर्कथा प्रतिनिधि

दारू / हजारीबाग : हजारीबाग के दारु प्रखंड में 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता 20 सूत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह ने किया। जिसमें प्रखंड स्तर के कई विभाग के अधिकारी उपस्थिति हुए। तो कई अनुपस्थित। जिस विभाग का अधिकारी अनुपस्थित थे उन्हे कड़ी फटकार लगाई गई, और उन्हें स्पष्टीकरण दिया गया। वहीं कैलाश पतिदेव और बालेशवर प्रसाद मनरेगा, आंगनबाड़ी, शिक्षा और पेयजल मिशन पर कड़ी प्रश्न किया गया, और गत बैठक में उठाए गए प्रश्न का उत्तर लिखित रूप से नहीं देने पर सदस्यों ने कड़ा विरोध जताया। सभी विभाग के अधिकारियों द्वारा 2022-24 वित्तीय वर्ष की प्रगति रिपोर्ट सौपन का आदेश दिया गया। वहीं बार-बार मनरेगा में व्याप्त भ्रष्टाचार का विरोध किया गया। जिसमे जेसीबी मशीन से बिरसा सिंचाई कूप निर्माण, डोभा निर्माण तो अबुआ आवास में भी भ्रष्टाचार पर मुद्दा गर्म रहा। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी हारून रशीद और भी सूत्री क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष शशि मोहन सिंह ने सभी अधिकारियों को संबंधित विभाग का वार्षिक रिपोर्ट सौपन को कहा।

## गुजरात पुलिस द्वारा बरवाअड्डा के भेलाटांड़ स्थित एक गोदाम से बरामद 54 लाख के कफ सिरफ़ का जाँच CID करेगा

अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद. गुजरात पुलिस द्वारा प्रतिबंधित दवा लदा ट्रक पकड़े जाने के बाद बरवाअड्डा के भेलाटांड़ स्थित एक गोदाम में छापेमारी में बरामद लगभग 54 लाख रुपये के कफ सिरप मामले की जांच अब सीआइडी करेगा. सीआइडी ने बरवाअड्डा थाना पुलिस से केस अपने हाथ में ले लिया है. बताते चलें कि 11 मार्च को बरवाअड्डा पुलिस के सहयोग से गुजरात पुलिस ने गोदाम में छापा मारा था. सीआइडी सूत्रों के अनुसार, मामले के अनुसंधानकर्ता इंस्पेक्टर विनोद कुमार गुप्ता बनाये गये हैं. उन्होंने जांच भी शुरू कर दी है. इससे पूर्व बरवाअड्डा थाना में दर्ज प्राथमिकी की कॉपी और अन्य कागजात अपने हाथ में लेकर सीआइडी ने अलग प्राथमिकी दर्ज की. जानकारी के लिए बताते चलें कि प्रतिबंधित कफ सिरप मामले के तार रांची के तुपुदाना से भी जुड़े थे. रांची पुलिस व ड्रग विभाग की टीम के सहयोग से बरवाअड्डा क्षेत्र के ड्रग इंस्पेक्टर रंजीत कुमार ने तुपुदाना में दवा कंपनी एबॉट के सप्लायर भिलाई केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड की फैक्ट्री में छापेमारी की थी. इस दौरान उक्त गोदाम से कई तरह की आपत्तिजनक दवा मिलने की बात सामने आयी थी. ड्रग इंस्पेक्टर ने फैक्ट्री सील कर दी थी. डीजी के आदेश पर सीआइडी को मिला केस : भेलाटांड़ स्थित गोदाम का ताला बरवाअड्डा और गुजरात पुलिस ने संयुक्त रूप से 11 मार्च को खुलवाया था. यहां से पुलिस को 24560 कफ सिरप और गेंहू मिले थे.

## सड़क दुर्घटना में बुरी तरह चोटिल हुए मरीज को संस्था ने उपलब्ध कराया रक्त




अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद : कैलाश हॉस्पिटल में ईलाजरत 24 वर्षीय मरीज नवलेश कुमार सड़क दुर्घटना में बुरी तरह से चोटिल हो गए थे जिसमें मरीज की पैर की हड्डी टूट चुकी थी डॉक्टर ने कहा कि ऑपरेशन के लिए तत्काल एक यूनिट ए पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता हैं, इसके कुछ ही देर बाद मरीज के परिजन ने सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान से रक्त उपलब्ध कराने का आग्रह किया इसके कुछ देर पश्चात श्री चौहान ने श्रीनिवास ब्लड सेंटर धनबाद के प्रबंधक से बात कर मरीज के लिए तत्काल एक यूनिट ए पॉजिटिव रक्त प्रदान करने का अनुरोध किया जिसे स्वीकार करते हुए ब्लड सेंटर द्वारा मरीज के लिए रक्त प्रदान कर दी गई।

# राजकमल में वाद विवाद प्रतियोगिता,भारत का लोकतंत्र सफल लोकतंत्र,सुमंत कुमार मिश्र

अंतर्कथा प्रतिनिधि/अरुण कुमार सैनी

धनबाद। राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर में वाद विवाद प्रतियोगिता संपन्न हुई विषय था क्या लोकतंत्र खतरे में है? इस विषय पर पक्ष विपक्ष के 10 छात्रों ने अपने विचार दिए। बच्चों को संबोधित करते हुए प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा ने कहा कि वाद विवाद प्रतियोगिता से तार्किक क्षमता बढ़ती है ।सोचने समझने की शक्ति बढ़ती है ।इसके ही साथ बोलने में जो झिझक होती है वह समाप्त हो जाती है। हमें वाद विवाद प्रतियोगिता में शामिल होकर अवश्य ही अपनी मानसिक क्षमता का विकास करना चाहिए ।पक्ष में बोलने वाले वक्ताओं ने कहा कि भारत का लोकतंत्र खतरे में नहीं है यह भारत के विपक्षी दलों के विकृत



मानसिकता का प्रमाण है। विगत 10 वर्षों से भारत का लोकतंत्र बीते वर्षों की अपेक्षा सशक्त हुआ है। हमारा देश विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यहां जिस तरह की आजादी मिलती है यह अन्य देशों में संभव नहीं है। हमें मिली हुई आज़ादी का दुरुपयोग नहीं करना चाहिए। हमारा देश विधि सम्मत संविधान से चल रहा है ।हर देश में कुछ ऐसे लोग और पार्टियाँ होती हैं जो देश को बदनाम करने के खातिर अप्रमाणिक बातें कर देश के शक्ति एवं सौंदर्य बोध को ठेस पहुंचाते हैं।

विपक्षी वक्ताओं ने कहा कि भारत का लोकतंत्र खतरे में है। इसमें सबसे बड़ी बात यह है की तमाम वैसे राजनीतिक दल जिनको चुनाव में सफलता नहीं मिली उन्होंने भ्रम फैलाना शुरू कर दिया है की वर्तमान सरकार के रहते हुए हमारा लोकतंत्र खतरे में है। कार्यक्रम के संयोजक हिंदी के वरिष्ठ आचार्य राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि इस वाद विवाद प्रतियोगिता में 10 प्रतिभागियों ने भाग लिया उनके तर्क विषयानुसार थे। भाषा अच्छी थी और आगे चलकर हिन्दी विभाग द्वारा इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे। निर्णायक की भूमिका वरिष्ठ अंग्रेजी शिक्षा गिरधर कुमार मिश्रा ने किया ,संगणक के प्रमुख बबलू प्रसाद सिन्हा ने भी कार्यक्रम की सराहना की । पुष्पहास , हर्ष, संतोष, शुभ, तेजस्वी, रक्षित, कृष, प्रिंस ने हिस्सा लिया । कार्यक्रम में प्राचार्य सुमन्त कुमार मिश्रा उप प्राचार्य मनोज कुमार के अलावा सभी शिक्षकगण उपस्थित थे।

## राष्ट्रवादी कांग्रेस ने आज निरसा में अपने सात सूत्री मांगो को लेकर थापरनगर स्टेशन पर दिया धरना

अंतर्कथा संवाददाता :नरेश विश्वकर्मा



निरसा : पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आसनसोल रेल मंडल के अधीन थापर नगर स्टेशन पर पांच सूत्री मांगों को लेकर एकदिवसीय धरना दिया.

जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के धनबाद जिला अध्यक्ष उमेश गोस्वामी ने किया.बैठक में मुख्य रूप से समाजसेवी पूर्व जन प्रतिनिधि सुकेश मुखर्जी पूर्व मुखिया प्रतिनिधि वरुण चौधरी पूर्व पंचायत समिति सदस्य भागीरथ तंतु बाई सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे. उपस्थित सदस्यों में मुख्य रूप से पतित पावन तिवारी विकी बाउरी मिंटू कुमार यादव,मिंटू कुमार साव विक्रांत रवानी मुकेश ठाकुर प्रदीप महतो प्रदी महतो पंकज यादव पवन यादव साहित्य सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे.

धरना प्रदर्शन करने के पश्चात आसनसोल रेलवे डिवीज़न के आर. पी. एफ रेलवे अधिकारी धरना स्थल पर पहुंचे और राष्ट्रवादी कांग्रेस नेता से बात की. उन्होंने अपने सात सूत्री मांगो को सौंपा और उसके बाद धरना समाप्त किया.

आसनसोल रेलवे डिवीज़न के तरफ से आश्वासन दिया उनकी मांगपत्र पर कारबाई का आश्वासन दिया गया!

# बुलबुल के 4 साल: इस फ़िल्म में देखें त्रिप्ति डिमरी का शानदार अभिनय

अंतर्कथा प्रतिनिधि

ब्लॉकबस्टर फ़िल्म एनिमल की सफ़लता के बाद नेशनल क्रश त्रिप्ति डिमरी बॉलीवुड की सबसे ज़्यादा पसंद की जाने वाली प्रतिभाओं में से एक बन गई हैं। फ़िलहाल, वह इस साल चार फ़िल्मों की रिलीज़ के लिए तैयार हैं, जिनमें बैड न्यूज़, विक्की विद्या का वो वाला वीडियो, धड़क 2 और भूल भुलैया 3 शामिल हैं। इन प्रोजेक्ट्स में त्रिप्ति को अलग-अलग किरदारों में दिखाया जाएगा, जो एक अभिनेत्री के रूप में उनकी बहुमुखी प्रतिभा को और मज़बूत करेगा।



जैसा कि हम उनकी आने वाली फ़िल्मों की रिलीज़ का इंतज़ार कर रहे हैं, उनके पिछले काम का जश्न मनाना और उन्हें याद करना उचित है। त्रिप्ति के स्टारडम की यात्रा बुलबुल में उनकी ब्रेकआउट भूमिका से शुरू हुई, जो अन्विता दत्त द्वारा लिखित और निर्देशित एक पीरियड हॉरर फ़िल्म थी। आज फ़िल्म ने अपनी चौथी सालगिरह मनाई है। 24 जून, 2020 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ हुई बुलबुल एक मज़बूत नारीवादी बयान देती है और इसने अपनी आकर्षक कथा और अलौकिक तत्वों से दर्शकों पर अपनी छाप छोड़ी है।

बुलबुल में मुख्य किरदार के रूप में त्रिप्ति के चित्रण ने न केवल उन्हें व्यापक पहचान दिलाई, बल्कि उन्हें घर-घर में जाना जाने लगा। उनके अभिनय में बुलबुल की यात्रा के तीन अलग-अलग चरण शामिल हैं। शुरुआत में, वह एक छोटी बालिका वधू की मासूमियत और भोलेपन को दर्शाती हैं, जो बुलबुल की कमज़ोरी को दर्शाता है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, डिमरी बुलबुल की यातना और बलात्कार के दर्दनाक दृश्यों को गहन यथार्थवाद के साथ पेश करती है, उसकी पीड़ा और लाचारी को व्यक्त करती है। अंत में, वह एक भयंकर, प्रतिशोधी व्यक्ति में बदल जाती है, जो बुलबुल के विकास को सूक्ष्मता और तीव्रता के साथ एक शक्तिशाली बदला लेने वाले के रूप में प्रदर्शित करती है। यह परिवर्तन डिमरी की अविश्वसनीय रेंज और प्रतिभा को उजागर करता है।

अक्सर पुरुष-केंद्रित कथाओं के वर्चस्व वाले उद्योग में, बुलबुल में त्रिप्ति डिमरी की भूमिका स्त्री शक्ति और लचीलेपन का एक ताज़ा और शक्तिशाली चित्रण है। उनका किरदार विपरीत परिस्थितियों पर काबू पाने वाली एक महिला की भावना का प्रतीक है, जो बुलबुल को एक प्रेरणादायक और भरोसेमंद व्यक्ति बनाता है। डिमरी की मासूम बालिका वधू से लेकर पीड़ित पीड़ित और अंततः एक शक्तिशाली बदला लेने वाली में सहज रूप से बदलाव लाने की क्षमता उसकी असाधारण प्रतिभा और अपने काम के प्रति समर्पण को दर्शाती है।

बुलबुल में त्रिप्ति डिमरी के अभिनय की आलोचकों द्वारा व्यापक रूप से प्रशंसा की गई है। फिल्म को शालीनता और संयम के साथ निभाने की उनकी क्षमता ने उन्हें महत्वपूर्ण प्रशंसा दिलाई है, जिससे उन्हें उद्योग में सबसे होनहार प्रतिभाओं में से एक के रूप में स्थान मिला है। आलोचकों ने उनके चरित्र में गहराई और प्रामाणिकता लाने के लिए उनकी प्रशंसा की है, जिससे बुलबुल की कहानी मार्मिक और शक्तिशाली दोनों बन गई है। उनकी अभिव्यंजक आँखें और प्रभावशाली उपस्थिति दर्शकों को फिल्म की रहस्यमय और भयानक दुनिया में खींचती है, जिससे कहानी में महत्वपूर्ण दृश्य और भावनात्मक गहराई जुड़ती है।

जैसा कि हम बुलबुल की चौथी वर्षगांठ मना रहे हैं, यह स्पष्ट है कि फिल्म में त्रिप्ति डिमरी का प्रदर्शन उनके करियर का एक निर्णायक क्षण बना हुआ है। बुलबुल का उनका चित्रण उनकी बहुमुखी प्रतिभा और प्रतिभा को दर्शाता है, जो उन्हें बॉलीवुड में एक उभरते सितारे के रूप में चिह्नित करता है।

## मिशन वन बिलियन कोयला उत्पादन के लक्ष्य को लेकर कोयला सचिव अमृत लाल मीणा ने अधिकारियों के साथ की बैठक



अंतर्कथा प्रतिनिधि


धनबाद : मिशन वन बिलियन कोयला उत्पादन के लक्ष्य को लेकर मंगलवार को कोयला सचिव अमृत लाल मीणा ने कोल इंडिया व अनुषंगी कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की.

उन्होंने कहा कि कोयले का आयात कम करना व देश को आत्मनिर्भर बनाना हमारी प्राथमिकता है. इसके लिए हर हाल में कोयले का उत्पादन बढ़ाना होगा. सभी कोल कंपनियां अपने निर्धारित लक्ष्य के मुताबिक कोयले का उत्पादन सुनिश्चित करें. लंबित प्रोजेक्ट को जल्द फाइनल करें. उन्होंने कोकिंग कोल का उत्पादन बढ़ाने, वाशरी को अधिक से अधिक कोयला देने व पावर कंपनियों के पर्याप्त मात्रा में कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है. बैठक में कोल इंडिया चेयरमैन पीएम प्रसाद, बीसीसीएल सह इसीएल सीएमडी समीरन दत्ता, डीटी संजय कुमार सिंह समेत सभी कोल कंपनियों के सीएमडी, डीटी व अन्य आला अधिकारी उपस्थित थे.

# बरटांड़ के रहने वाले और धनबाद के बर्डमैन के नाम से मशहूर अखिलेश सहाय की है अंतिम इच्छा

- मृत्यु के बाद उनके शरीर को प्रकृति को और पशु पक्षी के बीच सौंप दिया जाए

अंतर्कथा प्रतिनिधि



धनबाद: कहते हैं मानव शरीर पांच तत्वों से बना है. मृत्यु के बाद अंतिम संस्कार के माध्यम से शरीर को पांच तत्वों को लौटा दिया जाता है. लेकिन हमारे बीच भी कुछ ऐसे व्यक्ति हैं, जो मृत्यु के बाद भी अपने शरीर को समाज की बेहतरी के लिए दान कर देते हैं. लेकिन बरटांड़ के रहने वाले और धनबाद के बर्डमैन के नाम से मशहूर सेवानिवृत्त बैंकर अखिलेश सहाय की अंतिम इच्छा है मृत्यु के बाद अपने शरीर को प्रकृति को सौंप देने की.

बैंक से सेवानिवृत होने के बाद श्री सहाय का अधिकतर समय जंगलों में पशु पक्षियों के बीच बीतता है. उन्होंने अपना बाकी जीवन पक्षियों के संरक्षण के समर्पित कर दिया है. मृत्यु के बाद भी वह अपने शरीर को इन्हीं पशु पक्षियों को समर्पित कर देना चाहते हैं.

श्री सहाय ने प्रथम श्रेणी के न्यायिक दंडाधिकारी के के समक्ष अपना वसीयत कर अपनी अंतिम इच्छा प्रकट की है. उन्होंने अपने करीबियों को संबोधित करते हुए कहा है कि उनकी मृत्यु के बाद उनके प्रतिक शरीर का अंतिम संस्कार नहीं किया जाये. बल्कि उनके शव को साफ-सुथरे कपड़े में लपेटकर जंगल के बीच में रख दिया जाये.

उन्होंने अपने शपथ पत्र में कहा है कि अगर उनका निधन धनबाद में होता है, तो उनके शव को धांगी पहाड़ी के ऊपर जंगल के बीच रख दिया जाये. अगर उनका निधन गुजरात में होता है, तो वहां पास के जंगल में शव को रखा जाये. उन्होंने चेन्नई में मिनांबकम हवाई अड्डे के पास स्थित जंगल का भी जिक्र किया है. कहा है कि अगर उनका निधन धनबाद के बाहर होता है, तो उनके शव को वहीं जंगल में रखा जाये. किसी भी सूरत में धनबाद नहीं लाया जाये.

### मृत्यु भोज के लिए किया मना :

अखिलेश सहाय ने अपनी अंतिम इच्छा के रूप में अपने परिवार वालों से श्राद्ध कर्म और मृत्यु भोज नहीं करने की इच्छा प्रकट की है. उनके निधन पर उन्होंने श्राद्ध के नाम पर 500 रुपये से अधिक खर्च करने के लिए मना किया है. उन्होंने गरीबों में इस पैसे से मिठाई बांटने के लिए कहा है.

## 'एक जिंदगी' म्यूजिक वीडियो यूट्यूब पर रिलीज



अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद :एमकेडी फिल्म्स प्रोडक्शन के बैनर तले निर्मित म्यूजिक वीडियो एक जिंदगी यूट्यूब पर रिलीज किया गया। म्यूजिक वीडियो एक जिंदगी में गायिका प्रिया गोराई की मधुर आवाज और हर्ष उपाध्याय के संगीत से सजी गीत का ऑडियो कर्णप्रिय हैं। वहीं बॉबी कुमार व इशिका सिंह के अभिनय और जैगर सिंह के निर्देशन में खूबसूरत लोकेशन में वीडियो को फिल्माया गया हैं।

इस संबंध में संगीतकार हर्ष ने 'न्यूज फास्ट' को बताया कि एक जिंदगी बेहद ही मनोरंजक म्यूजिक वीडियो है, जो उम्मीद है कि दर्शकों को जरूर पसंद आयेगी। उन्होंने बताया कि उक्त म्यूजिक वीडियो के गीतकार एमके दिलीप तथा कैमरा मैन रवि साहू हैं।









स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक विनोद आनंद (विनोद कुमार मंडल) के लिए सहयोग प्रिंटर्स एंड पब्लिकेशन, रतनपुर, पो-गोविन्दपुर, जिला - धनबाद, झारखंड, पिन- 828109 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक-'विनोद आनंद, कार्यालय-रतनपुर, पो गोविन्दपुर, जिला-धनबाद, झारखंड - 828109, (पी आर बी के तहत खबर चयन के लिए जिम्मेवार), आरएनआई पंजीयन संख्या 68458/98